## कलेक्टर ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों का किया औचक निरीक्षण

# कलेक्टर ने पैदल भ्रमण कर विकास एवं व्यवस्थाओं की टटोली नब्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को ढीमरखेड़ा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों क्रमशः भनपुरा, हरदी, उमरियापान, टोपी, महनेर और दियागढ़ में औचक रूप से पहुंचकर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने भनपुराकला, बनिया नाला में करीब 24 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण करने चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी के बीच करीब 3 किलोमीटर लंबे उबड़-खाबड़ पहाड़ी के पथरीले रास्तों में पैदल चलकर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूर्ण कराने की हिदायत दिया।

इस दौरान एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल, पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, तहसीलदार नितिन पटेल, जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेन्द्र कोरी, पीएचई के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारी मौजूद रहे।





भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत घुघरा के ग्राम टोपी में नलजल योजना का अपने समक्ष ग्राम पंचायत सचिव रामदयाल पटेल और स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत को हस्तांतरित कराया। इसके पहले कलेक्टर ने ग्राम हरदी में पहुंचकर नलजल योजना का गांवों में भ्रमण कर जायजा लिया और यहां के सरपंच जयकरण कोल सहित ग्रामीणों से घरों में पानी पहुंचने की पूछताछ की जिस पर लोगों ने बताया कि पानी पर्याप्त आता है। इस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि नलजल योजना को शीघ्र हस्तांतरित करने की कार्यवाही करें। उन्होंने पंचायत के सरपंच और सचिव को कहा कि वे लोगों से जल कर की वसूली करें ताकि समय पर बिजली का बिल जमा हो सके और बिजली का कनेक्शन न कटे ताकि सुगम रूप से गांव में पानी की आपूर्ति होती रहे।

कलेक्टर यहां के गांवों की गलियों में 1.5 किलोमीटर घूमकर घर-घर पहुंचे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से पूछा कि नलों में पानी आ रहा है कि नहीं। इस पर सभी ने बताया कि यहां किये गये सभी 98 घरों के नल कनेक्शन में प्रतिदिन पानी आ रहा है। इसके बाद कलेक्टर ने यहां गांव में स्थित आंगनबाड़ी के नियमित खुलने की जानकारी गांववालों से ली और जनगणना के लिये मकान के नंबरिंग कार्य के संबंध में भी पूछताछ की। यहां कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर आयुष्मान कार्ड बने होने और फार्मर आईडी बनवाने की समझाईश लोगों को दी। अपनी मौजूदगी में उन्होंने पटवारी सुशीला कुलस्ते से ग्रामीण वृंदावन व विपिन पटेल की फार्मर आईडी बनी है का औचक अवलोकन किया। जिस पर फार्मर आईडी बनी होना पाया गया।

कलेक्टर श्री तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान के निरीक्षण में व्यवस्थायें संतोषजनक मिली। कलेक्टर ने यहां मौजूद रहे डॉक्टर राजेश सोनी को कैंप लगाकर सर्वाइकल कैंसर के एचपीव्ही टीकाकरण का सौ फीसदी लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूरे अस्पताल का भ्रमण कर प्रसूति वार्ड, ओपीडी, नेत्र विभाग, एक्सरे कक्ष, जनरल वार्ड, ड्रेसिंग रूम, आईपीडी आदि कक्षों का भ्रमण कर जायजा लिया और ईलाज के लिये पहुंचे मरीजों के परिजनों से उपचार मिलने के संबंध में पूछताछ की। जिस पर बताया गया कि यहां डॉक्टर हरदम उपलब्ध रहते हैं।

यहां पोषण पुनर्वास केन्द्र में 7 बच्चे भर्ती मिले। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने की गति को तेज करने के निर्देश मौके पर मौजूद डॉक्टर एलिशा पटेल को दिया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत महनेर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचकर एएनएम शशिकला और यहां की प्रभारी अनामिक मेहरा से आयुष्मान कार्ड, गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क महिलाओं के संबंध में जानकारी लेते हुये नियमित तौर पर एएनसी जांच के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्वयं पोर्टल में दर्ज गर्भवती महिलाओं का डाटा देखा।

### रास्ते में कचरे का लगा थ अंबार

कलेक्टर ने उमरिया पान तहसील कार्यालय और लोक सेवा उपकेन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व मामलों के निराकरण विशेषकर सीमांकन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश नायब तहसीलदार को दिये। तहसील के विभिन्न कक्षों में भ्रमण किया और तहसील भवन के मरम्मत का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलोक सेवा केन्द्र में पहुंचकर आवेदनों की भी जानकारी लिया। इसके पूर्व तहसील भवन जाते समय रास्ते में बेतरतीब पड़ा कचरा देखकर कलेक्टर ने उमरियापान के सरपंच और जनपद सीईओ को कचरा हटाने और इसके डंपिंग के लिये आबादी से बाहर स्थल चयन कर व्यवस्थित कचरा निपटान के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित ट्रक पलटा, चालक को आई गंभीर चोटे

**कटनी।** रीठी मोहास बायपास पर बुधवार को केमिकल से भरा एक ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक गुजरात से सिंगरौली की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन को बचाने के प्रयास में हुआ। केमिकल से भरा ट्रक स्पीड में था। चालक ने अचानक ब्रेक लगाए। वाहन को तेजी से मोड़ने की कोशिश की, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत मदद की। ग्रामीणों ने केबिन में फंसे घायल ट्रक चालक को बाहर निकाला। तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। ट्रक पलटने से कटनी-दमोह मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे हुए ट्रक को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारु कराया।

### खेत में पड़ा मिला युवक को अधजला शव

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में बुधवार दोपहर एक खेत में 32 वर्षीय आदिवासी युवक का अधजला शव मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। कुठला पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और जांच शुरू की। मृतक की पहचान कन्हवारा निवासी 32 वर्षीय छब्बू कोल, पिता मुन्ना कोल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह नृशंस हत्या का मामला प्रतीत होता है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अज्ञात आरोपी ने युवक के सिर पर पत्थर या ईंट जैसी भारी वस्तु से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने और पहचान छिपाने के इरादे से शव को जलाने का प्रयास किया गया। घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि पुलिस को कन्हवारा के एक खेत में शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मर्ग कायम कर लिया गया है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आज होंगे विविध धार्मिक आयोजन



**उमरियापान।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार को उमरियापान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बजरंग दल द्वारा बड़ी माई मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इसके साथ ही बड़ी माई मंदिर, झंडा चौक, बावली मंदिर, ब्यौहार मोहल्ला, कुदवारी मोहल्ला, मुड़िया पुरवा, कटरा बाजार एवं महावीर तिराहा सहित भरभरा आश्रम, रामकुंडी आश्रम तथा अन्य मंदिरों में रामचरितमानस पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, भजन-कीर्तन, हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## आवेदनों को लंबित रखने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत समय-सीमा बीत जाने के बाद भी लंबित पड़े 23 आवेदनों पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रूख अपनाते हुये आवेदनों को लंबित रखने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। लोक सेवा गारंटी पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि कार्यालय कलेक्टर कटनी की शस्त्र शाखा में 1, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद के अंतर्गत तहसीलदार आकाशदीप नामदेव नायब तहसील कार्यालय कौड़िया के पास 1, अधीक्षण अभियंता उर्जा विभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्र प्रभारी जूनियर इंजीनियर कार्यालय एमपीईबी देवगांव के पास 1 आवेदन लंबित है।

इसी प्रकार जिला योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी अधिकारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत निटर्रा, गौरा, सनकुई, परसेल, चपना, खरखरी, कुठिया मझगवां, इटमा, उमरिया तहकारी, परसवारा कला, टोला, काल्हरा, गोहावल, धनवाही और ग्राम पंचायत माड़ा में पंचायत सचिवों के पास कुल 17 आवेदन लंबित है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम बहोरीबंद, अधीक्षण अभियंता ऊर्जा विभाग और जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को लंबित पड़े प्रकरणों को 'स्वप्रेरणा' से अपील में लेकर अधिनियम की धारा 07 के तहत पदाभिहित अधिकारियों पर कार्यवाही करते हुए 7 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि आवेदन पोर्टल की तकनीकी खराबी के कारण लंबित दिख रहे हैं, तो लोक सेवा गारंटी आवेदन क्रमांक सहित जानकारी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने किया औचक निरीक्षण, होटल में मिलीं अव्यवस्थाएं

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को पन्ना तिराहा स्थित होटल सत्कार कैफे एंड रेस्टोरेंट में औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की। निरीक्षण के दौरान होटल में कई गंभीर अव्यवस्थाएं सामने आईं, जिस पर संचालक अंशुल जैन को सुधार सूचना पत्र जारी किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

जांच के दौरान पाया गया कि होटल में कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र एवं प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं थे। साथ ही पेस्ट कंट्रोल से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए। साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि किचन में कार्यरत कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड का पालन नहीं कर रहे थे और उन्होंने कैप एवं एप्रन नहीं पहन रखे थे, जो खाद्य सुरक्षा मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। टीम ने गुणवत्ता में संदेह के आधार पर पनीर, दही, दूध एवं स्वीट कॉर्न के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेज दिए हैं। नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई से खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति सख्त संदेश गया है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाओं के सक्रियकरण हेतु कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौध के सभागार में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा नर्सरी निर्माण एवं प्रबंधन, भूमि सुपोषण, उन्नत जैविक एवं प्राकृतिक कृषि के साथ सूक्ष्म लघु उद्योगों के माध्यम से आर्थिक स्रोत बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कृषि वैज्ञानिक आरपी बेन ने नर्सरी निर्माण व प्रबंधन विषय पर तकनीकी जानकारी देते हुए नर्सरी हेतु स्थान चयन, बीजों की व्यवस्था व उपचार, बीजारोपण एवं पौधों के रखरखाव के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की। अगले क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय वैशम्पायन ने नर्सरी निर्माण हेतु उन्नत पौधों के प्रकार के विषय में जानकारी देते हुए किसानों हेतु उपयोगी पौधों की प्रजाति के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के तृतीय चरण में समस्त प्रतिभागियो द्वारा केंद्र के द्वारा तैयार की गई कृषि पद्धतियों एवं नवीन किस्म के पौधों का अवलोकन किया गया।

## वैंकट वार्ड में सड़क निर्माण प्रस्ताव को सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर में नागरिकों की आवागमन सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वेंकट वार्ड क्रमांक 13 में नरेन्द्र गली से आधारकाप तक सड़क निर्माण के प्रस्ताव पर मेयर इन काउंसिल की बैठक में विचार-विमर्श कर क्षेत्रीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्राथमिकता दी गई।

बैठक में क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी द्वारा बताया कि उक्त क्षेत्र में सड़क के अभाव के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर दैनिक आवागमन, आपातकालीन सेवाओं और स्कूली बच्चों के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। नागरिकों द्वारा भी लगातार यहां सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की जा रही है।

इस विषय पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत नरेन्द्र गली से आधारकाप तक सड़क निर्माण कराया जाना आवश्यक है, जिससे बड़ी आबादी को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा और क्षेत्र में आवागमन सुगम हो सकेगा।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा गया कि सड़क निर्माण होने से न केवल स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त करते हुए सड़क निर्माण कार्य की अनुशंसा की जाकर अंतिम स्वीकृति हेतु प्रकरण को आगामी निगम सम्मिलन की बैठक में प्रस्तुत किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

*निवार चौकी पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत की कार्रवाई*

## 10 पेटी अंग्रेजी शराब सहित ई रिक्शा किया जब्त, चार आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए चार व्यक्तियों के पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब सहित ई रिक्शा भी जब्त किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देश में ऑपरेशन शिकंजा के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अवैध शराब विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के नेतृत्व चौकी निवार प्रभारी अंजनी मिश्रा द्वारा ऑपरेशन शिकंजा के तहत संयुक्त टीम बनाकर दविश दी एवं आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को पकड़कर शराब जब्त की गई उनमें विपिन राजपाल पिता प्रीतम राजपाल 26 वर्ष निवासी महंगवा थाना स्लीमनाबाद के कब्जे से 150 पाव गोवा विस्की कीमती 18000 एवं एक ई रिक्शा कुल कीमती 218000 रूपये, 2 अभिषेक चौधरी पिता विनोद चौधरी 26 वर्ष निवासी पडरभटा थाना स्लीमनाबाद से 150 पाव कीमती 18000/रुपए, 3 सूरज कोल पिता गेंदलाल कोल 26 वर्ष निवासी पडरभटा से 100 पाव गोवा विस्की कीमती 12000 एवं नीरज कोल पिता गेंदलाल कोल 32 वर्ष निवासी पडरभटा के कब्जे से 100 पाव गोवा विस्की कीमती 12000 रूपये कुल कीमती मसरूका 260000 का जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी गणों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट का प्रकरण पृथक पृथक दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कार्यवाही चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा, सउनि कमलेश्वर शुक्ला, प्र.आर. मनीष असैया, गौरव सेन, देवेश कुमार आरक्षक अरविंद, वकील यादव की भूमिका रही।

## मंदिरों में की गई विशेष तैयारियां, भंडारे का भी होगा आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा, अखंड रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र सहित उमरियापान नगर एक बार फिर भक्ति और उत्साह के रंग में रंगने जा रहा है। पवन पुत्र संकटमोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर इस वर्ष भी विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बड़ी माई मंदिर परिसर को आयोजन का मुख्य केंद्र बनाया गया है, जहां तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजकों के अनुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव को श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ाना, सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है।

### अखंड रामायण पाठ और हवन से होगा शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत बड़ी माई मंदिर में अखंड रामायण पाठ से होगी। इसके बाद हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के गांवों और नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजकों का कहना है कि इस धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से भगवान श्रीराम और हनुमान जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### भंडारे का आयोजन

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें उमरियापान नगर के साथ-साथ ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। स्थानीय व्यापारी और समाजसेवी भी आयोजन में सहयोग कर रहे हैं।



### झांकियों के साथ बड़ी माई मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। शोभायात्रा बड़ी माई मंदिर से प्रारंभ होकर झंडा चौक, संन्यासी मंदिर, अथैया मोहल्ला, सोनी मोहल्ला, कटरा बाजार, आजाद चौक और न्यू बस स्टैंड होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी । शोभायात्रा में धार्मिक झांकियां, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े और भक्ति संगीत शामिल रहेगा। झांकियों के माध्यम से रामायण और हनुमान जी के जीवन से जुड़े प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### सुरक्षा के विशेष इंतजाम

आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए स्वयंसेवकों की टीम गठित की गई है। आयोजकों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग से भी सहयोग लिया जा रहा है। शोभायात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है, ताकि आम नागरिकों को असुविधा न हो।

इस वर्ष ढीमरखेड़ा क्षेत्र के गांवों और उमरियापान नगर के लोगों में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने समस्त हिंदू समाज, माताओं-बहनों और युवाओं से इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। हनुमान जन्मोत्सव का यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश देगा। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण रहेगा और जयकारों से नगर गुंजायमान होगा।

## पानी की बर्बादी यानी भविष्य के संकट को न्यौता, जल सहेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बुधवार को ढीमरखेड़ा क्षेत्र के हरदी गांव में जब कलेक्टर आशीष तिवारी ने जल संरक्षण का संदेश केवल शब्दों में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार से दिया। गांव के निरीक्षण पर निकले कलेक्टर श्री तिवारी गली-गली पैदल घूमकर 'नल-जल योजना' की स्थिति का जायजा ले रहे थे। वे हर घर के बाहर रुककर यह सुनिश्चित कर रहे थे कि ग्रामीणों तक पर्याप्त और नियमित जल आपूर्ति हो रही है या नहीं। निरीक्षण के इसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे एक खुले नल पर पड़ी, जिससे पानी लगातार बह रहा था।

पानी की एक-एक बूंद के महत्व को समझते हुए कलेक्टर वहीं रुक गए। उन्होंने आसपास मौजूद ग्रामीणों को समझाया कि जल सिर्फ संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है—और इसकी बर्बादी भविष्य के संकट को न्योता देना है।

इसके बाद जो हुआ, उसने वहां मौजूद सभी लोगों को प्रभावित कर दिया। कलेक्टर स्वयं नल के पास पहुंचे, पहले उसी जल से अपनी प्यास बुझाई और फिर अपने हाथों से नल की टोंटी को कसकर बंद कर दिया। यह छोटा सा कार्य एक बड़ा संदेश बन गया—"परिवर्तन की शुरुआत खुद से होती है।"

कलेक्टर के इस व्यवहार ने न केवल प्रशासन की जिम्मेदारी को दर्शाया, बल्कि आमजन के बीच एक सकारात्मक संदेश भी पहुंचाया कि जल संरक्षण केवल योजना नहीं, बल्कि जन-आंदोलन होना चाहिए। हरदी गांव में उस दिन सिर्फ निरीक्षण नहीं हुआ, बल्कि एक सीख भी दी गई—अगर हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे, तो पानी की हर बूंद बचाई जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### नये शैक्षणिक सत्र का मनाया गया प्रवेश उत्सव

**सिलौंडी।** सिलौंडी के सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें बच्चो को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया । शासकीय स्कूलों में बच्चों के प्रवेश बढ़ने के उद्देश्य से एक रैली निकाली गईं जिसमें शासकीय स्कूलों की सुविधाओं को बताया गया ।इस दौरान संकुल प्राचार्य चंद्र कुमार परसावर विशाल सिंह बरकड़े प्राचार्य ,अशोक हलदकार , तुलसी राम नामदेव , सत्यप्रकाश तनेजा, रविकांत राय ,, पवन कोहली. सुभाष सिंह बागरी अंकित सिंह बागरी सुन्दर सिंह रैकश्री भरत कुमार गुप्ताश्री पंकज कुलेश्री मुकेश चंद सोनी श्रीमति श्वेता जैन, जितेन्द्र सेठी, लागुरी कुमारी, नेहा राय कुमारी अंजली ,दिव्या सिंह अंकिता पारसी, मेघा राय आशीष हल्दकार, सुनीता कुशवाहा ,अंकुल बर्मन मिचेल राव, अमोद बोधरीमुरण पटेल जीतू सहित विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

### नाली निर्माण में मानको का नहीं हो रहा पालन



**उमरियापान।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की घुघरी ग्राम पंचायत में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। नाली निर्माण में लौह एवं सीमेंट की गुणवत्ता उच्च स्तर का उपयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करने मांग की है।

### काव्य संग्रह अनुभूति का विमोचन समारोह 17 को

**कटनी।** जनपरिषद के तत्वाधान में शुक्रवार 17 अप्रैल को आयोजित साहित्य संध्या में कवि सुरेश सोनी ऋतुराज की काव्य कृति ₹अनुभूति₹ का विमोचन होगा। इस भव्य समारोह में देश के प्रतिष्ठित रचनाकार और मीडियाकर्मी शामिल होंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश वर्मा का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संदीप जायसवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की मौजूदगी रहेगी। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल भोपाल द्वारा काव्य कृति अनुभूति की समीक्षा प्रस्तुत की जाएगी। अन्य अतिथियों में कलेक्टर आशीष तिवारी, एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और बार एसोसिएशन एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अमित शुक्ला की भी उपस्थिति रहेगी।

### विशेष अभियान में ननि को मिला 1.26 करोड़ रुपये का राजस्व

**कटनी।** नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वित्तीय वर्ष के अंतिम दिवस उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। अंतिम दिन 1765 करदाताओं ने शासन द्वारा अधिभार में प्रदान की गई छूट का लाभ उठाते हुए 1 करोड़ 26 लाख 82 हजार 529 रुपये की बकाया कर राशि निगम कोष में जमा की। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 25 हजार 704 रसीद काटी जाकर 1283.20 लाख रुपये की वसूली की गई थी। जबकि इस वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 31 हजार 358 रसीदें काटी जाकर 1647.01 लाख रुपये संपत्ति कर के रूप में निगम कोष में जमा कराये गए है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-2026 में संपत्ति कर में कुल वसूली का आधिक्य 363.81 लाख रुपये 28.35 फीसदी अधिक है। जबकि सहायक राजस्व अधिकारी एवं जलकर प्रभारी सागर नायक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 23 हजार 395 रसीदों के माध्यम से 523.79 लाख रुपये जलकर के रूप में निगम निगम कोष में जमा किये गए थे।

---

### तेवरी के उन्नतशील किसान के खेत पहुंचकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# उन्नत तकनीक अपनाकर खेती को बनाया लाभ का धंधा, कमा रहे लाखों

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी**





कलेक्टर आशीष तिवारी बुधवार को स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम तेवरी के प्रगतिशील कृषक पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर के खेत में पहुंचे। यहां उन्होंने समन्वित कृषि करने वाले प्रगतिशील कृषक की अंतरवर्तीय खेती, सोलर पंप और पशुपालन, अश्वगंधा, चिया की खेती और वृहद पौधारोपण कार्य को देखा और सराहा। कृषक पुरूषोत्तम के पास कुल 22 एकड़ कृषि भूमि है जिसमें वे उन्नत तकनीक अपनाकर कृषि कार्य करते है।

कृषक पुरुषोत्तम ने कलेक्टर श्री तिवारी को बताया कि वे खरीफ सीजन में मुख्य रूप से धान, मक्का एवं स्वीट कार्न तथा रबी सीजन में गेहूँ, चना एवं सरसों फसल की उन्नत किस्मों की खेती करते हैं। जायद सीजन में लगभग 4-5 एकड में स्वीट कार्न एवं 5-6 एकड़ में उडद व मूंग की फसल लगातें है। कृषि फसलों से उन्हें 7-8 लाख की आमदनी हो जाती है।

कृषि फसलों के अतिरिक्त उन्होंने करीब 5 एकड़ में आम का फलोद्यान लगा रखा है, जिसमें लंगडा, दशहरी, चौसा, आम्रपाली, मल्लिका आदि आम की किस्में मौजूद है। इससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख रुपये की आय प्राप्त होती है। इसी प्रकार खेत की मेढ़ों में लगभग 100 आंवला पेड़ लगे हुए है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार रुपये की आय मिल जाती है। वहीं कृषक द्वारा लगभग 8 एकड़ में आलू की खेती भी की जाती है। जिससे उन्हें 3.50 से 4 लाख रूपये की वार्षिक आय प्राप्त होती है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषक के द्वारा किये जा रहे पशुपालन कार्य को भी देखा। पुरषोत्तम के पास वर्तमान में बछड़ों सहित 25 गाय एवं भैस है। उन्होंने बताया कि पशुपालन से 3.50 से 4 लाख की प्रति वर्ष की आय हो रही है। कृषक द्वारा फसलों की सिंचाई हेतु स्प्रिकंलर एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति का उपयोग किया जा रहा है व उनके पास उन्नत कृषि यंत्र भी है। कृषक के द्वारा वर्ष 2020 में 3 एचपी का सोलर पम्प भी लगाया है। कृषक पुरूषोत्तम के द्वारा इस वर्ष आधा एकड़ में चिया फसल एवं 0.25 एकड़ में अश्वगंधा की फसल भी लगाई गई है। साथ ही इस वर्ष नरवाई प्रबंधन के तहत सुपर सीडर यंत्र से गेहूँ की बोनी की गई है।

इस प्रकार कृषक पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर ने समन्वित कृषि अपनाकर सभी स्त्रोतों से प्रतिवर्ष लगभग 15 से 16 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त कर रहे हैं और वे जिले के अन्य किसानो के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गये हैं। समन्वित कृषि अपनाकर कृषक अपनी आय बढा सकते है एवं जोखिम को कम कर सकते है।

---



## एक्सीलेंस स्कूल बड़वारा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बड़वारा**

शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में एक अप्रैल को विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, बड़वारा ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक संतोष दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में प्राचार्य चन्दन सिंह की अध्यक्षता में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलन कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया इसके पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नव प्रवेशित बच्चों को पुस्तकों का वितरण एवं कक्षा नवमी के छात्र और छात्र को साइकिल का वितरण विधायक द्वारा किया गया।

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा 95% अंक कक्षा 12वीं में लाने पर या उससे अधिक लाने पर सभी बच्चों को 10000 रूपए पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई जिस पर सभी छात्राओं द्वारा तालिया की गड़गड़ाहट से उनका आभार व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया द्वारा किया गया संचालन विनोद सिंह क्षत्रिय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में करण सिंह ठाकुर, मधुबाला गर्ग, सरिता शर्मा, अनामिका सोनी, महेंद्र नारायण मिश्रा, लाल बहादुर सोनी, ओंकार दुबे, मोहन निगम, घनश्याम चौधरी, अनिल अधिकारी, मनीष, निधि, सुशील, धर्मपाल, धनंजय यादव, संजय रावत, हेमलता जयपुरिया, सुचिता गुप्ता, आरती दुबे, अंकित सिंह, आशिक महोबिया,ज्ञानेन्द्र हल्दकार, स्नेह डेहरिया, शिवानी यादव, रश्मि सिंह, सीता लोहार का योगदान रहा।

---

### सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव

## कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता मन लगाकर पढ़े और नाम रोशन करें

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी**



नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर जिले में बुधवार को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने की। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर एवं राज्य शिक्षा केंद्र से ओआईसी डॉ. विनोद द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ, जिसमें बच्चियों एवं अतिथियों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक वंदन, माला पहनाकर एवं आरती के माध्यम से आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही सभी छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।

अपने उद्बोधन में विधायक जायसवाल ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने का संदेश दिया। वहीं, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कौर ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से अध्ययन करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता और सफलता उसी को मिलती है जो निरंतर प्रयास करता है।

कार्यक्रम के दौरान गत सत्र में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय की शालेय पत्रिका 'अक्षर' का विमोचन भी किया गया।

जिला स्तरीय आयोजन के साथ ही जिले के सभी विकासखंडों एवं शालाओं में भी शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहोरीबंद में विधायक श्री प्रणय प्रभात पांडेय के मुख्यातिथ्य में सांदीपनि विद्यालय में, बड़वारा में विधायक श्री धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्यातिथ्य में उत्कृष्ट विद्यालय में, विजयराघवगढ़ में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी हरीश दुबे तथा रीठी में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री प्रकाश साहू के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि, प्राचार्य डायट एम.पी. डुंगडुंग, जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, एपीसी रमसा अभय जैन, शाला प्राचार्य अजय शंकर पांडेय सहित अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

### सीईओ ने बच्चों से संवाद कर मन लगाकर पढ़ने किया प्रेरित



स्कूल चलें अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा तेकाम ने शासकीय माध्यमिक शाला नन्हवारा कला के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की। छात्र-छात्राओं से संवाद कर प्रारंभ से ही खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा। इस दौरान सुश्री तेकाम ने अमाड़ी और नन्हवारा कला में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण कर नियत समय सीमा में अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिए। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रगतिरत अपूर्ण कार्यों को नियत समय सीमा में पूर्ण कराने हेतु समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। सुश्री तेकाम ने 15 वें वित्त की राशि को निर्देशों के अनुसार व्यय करने हेतु निर्देशित किया। शाला में प्रवेशोत्सव के दौरान सरपंच, छात्र-छात्राएं, उनके माता-पिता और अभिभावक जन भारी संख्या में मौजूद रहे।

---

## मारपीट के आरोपितों को भेजा गया जेल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी**



कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में हुई मारपीट की घटना के मामले में पुलिस ने आदतन अपराधी दीपक सिंह परिहार को उसके चार साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 मार्च 2026 को ग्राम कन्हवारा निवासी सुखदेव कोल उर्फ भूरा ने थाना कुठला में शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव की महिलाएं जंगल से लकड़ी लेने जाती हैं, जिन्हें वनकर्मियों द्वारा रोका जाता था, जबकि उसी क्षेत्र में मुरुम की खुदाई हो रही थी। इस संबंध में प्रार्थी एवं गोरेलाल कोल द्वारा खुदाई स्थल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था।

वीडियो से नाराज होकर 14 मार्च की रात आरोपी दीपक परिहार अपने साथियों के साथ फार्म हाउस पहुंचा, जहां गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी को घर के पास गली में ले जाकर लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह बेहोश हो गया। आरोपियों ने गोरेलाल कोल के साथ भी मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं।

मामले में अपराध पंजीबद्ध कर कुठला पुलिस ने तकनीकी एवं पारंपरिक तरीकों से जांच करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। सघन पूछताछ में आरोपियों ने घटना स्वीकार कर ली। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त महिंद्रा एक्सयूवी 300 (MP 21 ZA 7479) वाहन भी जब्त किया है।

पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उनमें दीपक सिंह परिहार 31 वर्ष निवासी जटवारा, अभिषेक पटेल 23 वर्ष निवासी जटवारा, लखन लाल साहू 33 वर्ष निवासी वार्ड नं. 5 चाका, सुमित यादव 24 वर्ष निवासी वार्ड नं. 5 चाका एवं पंचम आदिवासी 31 वर्ष निवासी जटवारा शामिल हैं। यह कार्रवाई थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई जिसमें प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा, नरेन्द्र पटेल, आरक्षक अभय यादव सहित पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

---

### नवांकुर संस्थाओं के सक्रियकराण हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला

## कृषि वैज्ञानिकों ने नर्सरी निर्माण एवं प्रबंधन, बीजारोपण की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी**



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला कटनी द्वारा नवांकुर संस्थाओं के सक्रियकरण हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौध के सभागार में किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा नर्सरी निर्माण एवं प्रबंधन, भूमि सुपोषण , उन्नत जैविक एवं प्राकृतिक कृषि के साथ सूक्ष्म लघु उद्योगों के माध्यम से आर्थिक स्रोत बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम चरण में जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केशवाल ने प्रशिक्षण के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाओं की सशक्तिकरण हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है जिससे कार्यक्षेत्र में आवश्यक क्रियान्वयन निर्धारित मापदण्ड के आधार पर किया जा सके । कृषि वैज्ञानिक आर पी बेन ने नर्सरी निर्माण व प्रबंधन विषय पर तकनीकी जानकारी देते हुए नर्सरी हेतु स्थान चयन , बीजों की व्यवस्था व उपचार, बीजारोपण एवं पौधों के रखरखाव के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की ।

अगले क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय वैशम्पायन ने नर्सरी निर्माण हेतु उन्नत पौधों के प्रकार के विषय में जानकारी देते हुए किसानों हेतु उपयोगी पौधों की प्रजाति के बारे में विस्तार से बताया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित परिषद के संभाग समन्वयक श्री रवि बर्मन ने नवांकुर संस्थाओं के नियमित कार्यों के समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश देते हुए सेक्टर स्तरीय कार्य क्षेत्र में नियमित प्रवास कर प्रस्फुटन समितियों के ग्राम स्तरीय एवं सेक्टर स्तरीय बैठकों के माध्यम से क्षमता वृद्धि करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए ।प्रशिक्षण के तृतीय चरण में समस्त प्रतिभागियो द्वारा केंद्र के द्वारा तैयार की गई उन्नत कृषि पद्धतियों एवं नवीन किस्म के पौधों का अवलोकन किया गया।

कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक आर के मिश्रा , जन अभियान परिषद के लेखपाल रविकांत श्रीवास्तव ,विकासखंड समन्वयकों सहित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

---

### निगमायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा कर दिये निर्देश

## स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम को अव्वल बनाने करें बेहतर प्रयास

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी**



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे वर्तमान प्रयासों विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप ही जमीनी स्तर पर नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने कहा कि सर्वेक्षण से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य कर नगर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने के प्रयासों में ईमानदारी से जुट जाएं।

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन द्वारा विगत वर्ष कटनी नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश भर में 8वा स्थान अर्जित करने के साथ 3 स्टार रेटिंग प्राप्त होने की जानकारी दी। जिस पर निगमायुक्त ने इस वर्ष और भी बेहतर प्रदर्शन कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वाटर प्लस एवं फाइव स्टार रेटिंग अर्जित करने की दिशा में अभी से जुट कर सार्थक प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने सिटी प्रोफाइल में दर्ज स्थलों, वार्डवार ब्यूटीफिकेशन पॉइंट, व्यापारिक एवं रहवासी क्षेत्रों, स्लम क्षेत्रों, तालाबों, नाला-नालियों, शैक्षणिक संस्थानों तथा बल्क वेस्ट जनरेटर्स (बड़े होटल एवं रेस्टोरेंट) से संबंधित तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा कर प्रत्येक बिंदुओं पर जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश सर्वेक्षण टीम के अधिकारियों को दिए।

एम.एस.डब्ल्यू कंपनी द्वारा सफाई व्यवस्था हेतु किये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी करने, सोर्स सेग्रीगेशन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने, कचरा संग्रहण वाहनों का समय एवं रूट निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे संग्रहण करने की हिदायत एमएसडब्ल्यू प्रबंधक को दी। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि नागरिकों को कचरा संग्रहण वाहनों का इंतजार न करना पड़े, यदि वाहन निर्धारित रूट अनुसार समय पर पहुंचे तो कचरा सीधे वाहनों में ही संग्रहित हो सकेगा।

निगमायुक्त ने वार्डों मे नागरिकों के मध्य स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने हेतु रोजाना आईईसी गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही जनसहभागिता से सप्ताह नगर के रहवासी क्षेत्रों सहित व्यावसायिक स्थलों में वृहद स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित करने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। निगमायुक्त ने नगर की सार्वजनिक दीवारों में स्वच्छ,जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश प्रसारित करती हुई विभिन्न वाल पेंटिंग के माध्यम से भी नागरिकों के मध्य जागरूकता का संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सकारात्मक सहभागिता एवं सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेने की कार्यवाही पर भी विशेष जोर दिया।

निगमायुक्त ने निगम कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कंट्रोल रूम की सेवाएं और अधिक सुदृढ़ करने, स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही करने तथा स्वच्छता मित्रों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य शिविर लगाने निर्देश दिये।

---

## ट्रांसपोर्ट कारोबारी को चाकू मारने वाले आरोपित पकड़ाए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी**

कुठला थाना क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी पर हुई चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने हमला करने वाले दोनों नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि गत 30 मार्च की शाम करीब 6 बजे इन्द्रानगर कॉम्प्लेक्स के पास गौतम मोहल्ला कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी 41 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी दीपक द्विवेदी पर बदमाशों ने रुपए की मांग करते हुए चाकू से हमला कर दिया था। बदमाशों ने रुपयों की मांग करते हुए पहले उसके साथ गालीगलौज की और फिर जान से मारने के इरादे से पीठ पर चाकू से वार किया। जब पीड़ित ने बचने की कोशिश की, तो गर्दन पर हमला करने का प्रयास किया, जिसमें बचते हुए उसके हाथ में भी चोट आई। गंभीर रूप से घायल दीपक को निजी अस्पताल कटनी में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई गई।

### आरोपितों से चाकू बरामद

घटना की सूचना मिलते ही कुठला पुलिस सक्रिय हुई और तकनीकी व पारंपरिक तरीकों से जांच शुरू की। कुछ ही घंटों में पुलिस ने 17 एवं 16 वर्षीय आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार कर ली है। घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त कर लिया गया है।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सौरभ सोनी, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, अजीत मिश्रा, आरक्षक अभय यादव सहित अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

नर्मदा जल सप्लाई में मशीनों के बार-बार खराब होने के कारण आ रही दिक्कतें

# नर्मदा जल न पहुंचने से वार्ड में जलसमस्या महिलाओं ने नगर परिषद में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



नगर के वार्ड क्रमांक 11 में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस बार में ना तो नर्मदा जल और ना ही नगर परिषद का बोर जल पहुंच रहा है पानी की लगातार कमी के कारण वार्डवासियों में आक्रोश फैल गया है। स्थानीय महिलाओं ने इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर नगर परिषद में विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड में बोरिंग सप्लाई और नर्मदा जल योजना के माध्यम से जल वितरण दोनों ही व्यवस्थाएं ठप हैं। इसके साथ ही टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति भी नगण्य है। वार्डवासियों को पीने और दैनिक उपयोग के लिए पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है, जिससे उनका जीवन असुविधाजनक हो गया है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने नगर परिषद अधिकारियों और अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पानी की आपूर्ति के नाम पर केवल कागजी काम किए जा रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति जमीनी स्तर पर बेहद खराब है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड पार्षद जनता की समस्याओं से अनभिज्ञ अपने घरों में आराम कर रहे हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल आपूर्ति व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि वार्ड में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

इस ज्ञापन में सुमंत्री भाई साहू, राम प्यारी विश्वकर्मा, गीता विश्वकर्मा, पुष्प साहू, सीमा चक्रवर्ती, मनीषा साहू, पिंकी रैकवार, भगवती झारिया, लक्ष्मी वर्मन, नेहा वर्मन, श्वेता आदिवासी, सावित्री मेहरा, मंजू वर्मन, नशीम बानो, अंजू गौर, विनीता सेन, जरीना बेगम, जाहिर बी, माया रैकवार, रजनी विश्वकर्मा आदि महिलाओं ने हस्ताक्षर किए।

नगर परिषद के मुख्य नगर अधिकारी (सीएमओ) ने इस विषय पर कहा कि नर्मदा जल सप्लाई में मशीनों के बार-बार खराब होने के कारण दिक्कतें उत्पन्न हो रही थीं। हालांकि, इस समस्या को जल्द ही सुधारने के लिए टाटा कंपनी द्वारा नई पानी सप्लाई मशीन लगाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर टैंकर भेजकर लोगों को पानी पहुंचाया जा रहा है और गुरुवार को शाम 4 बजे के बाद वार्ड 11 में जल आपूर्ति सुचारू रूप से चालू हो जाएगी। नगर परिषद ने आश्वासन दिया है कि आने वाले दिनों में जल आपूर्ति में सुधार और नियमितता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# हिनोता में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिनौताकलां

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में संचालित किये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अन्तर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत नवांकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा द्वारा प्रस्फुटन समिति हिनोता कलां के सदस्यों के सहयोग से श्रीराम मार्केट बस स्टैंड हिनोता कलां में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ सेक्टर हिनोता कलां विकास खण्ड हटा अन्तर्गत किया गया। शुभारंभ के शुभ अवसर पर पंडित दिनेश दुबे द्वारा गंगा मैया एवं जल का पूजन अर्चन किया गया। ग्राम पंचायत हिनोता कलां के सरपंच प्रतिनिधि विक्रांत पटेल द्वारा पुष्प माला से जल का पूजन किया गया। एवं गर्मी के मौसम में बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु शीतल एवं निर्मल जल की नि शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम के समाजसेवी हर्ष पटेल, विमल पटेल, आरेन्द पटेल, शिवांग पटेल, वी पी एम शिवप्रसाद साहू नवांकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा के कार्यक्रम समन्वयक नीलेश अवस्थी, प्रस्फुटन समिति हिनोता कलां के अध्यक्ष श्री दुबे जी, सचिव धर्मेन्द्र सिंह एवं ग्रामीण जनों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अन्त में नवांकुर संस्था की ओर से संस्था के संचालक सुरेश कुमार नामदेव द्वारा सभी जनों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# संदीपनी उमा विद्यालय जबेरा में मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा




मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार संपूर्ण प्रदेश के विद्यालयों में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया उसी क्रम में जबेरा के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में बुधवार दिनांक 1/०4/26 को विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया ,इसके उपरांत विद्यालय की कक्षा केजी वन से लेकर के कक्षा 12वीं तक की छात्रों का तिलक वंदन एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रूपेश सेन सांसद प्रतिनिधि एवं उपस्थित जन प्रतिनिधि राजेश सिंघई रवि शंकर बाजपेई सहित सभी जनप्रतिनिधियों का प्राचार्य संजय बाजपेई के द्वारा स्वागत किया गया इसके उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों के कर कमलो से उपस्थित विद्यालय के समस्त समस्त छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकों का वितरण कार्य संपन्न किया गया। विद्यालय के समस्त नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक एवं पुष्पमाला से स्वागत कर चॉकलेट खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री संजय बाजपेई एवं समस्त विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच को नया नेतृत्व, कौशल सिंह पोर्ते जिला अध्यक्ष नियुक्त



**तेंदूखेड़ा।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच द्वारा संगठन विस्तार एवं कर्मचारियों की समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंच के प्रांतीय महामंत्री राजूशील यादव ने संगठन के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, प्रांताध्यक्ष अशोक पाण्डेय की सहमति एवं संभागीय सचिव मिथलेश कुमार शाडिल्य की अनुशंसा पर दमोह जिले के जिला अध्यक्ष पद पर कौशल सिंह पोर्ते माध्यमिक शिक्षा, शासकीय माध्यमिक शाला फुलर, जनशिक्षा केन्द्र सर्रा, विकासखण्ड तेंदूखेड़ा, को मनोनीत किया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री पोर्ते से अपेक्षा की गई है कि वे जिले के समस्त विभागों एवं संवर्गों के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा समय-समय पर आवश्यक पहल करेंगे। वे संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए कर्मचारियों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करेंगे।

## पीएम श्री कन्या हाईस्कूल पटेरा में मनाया प्रवेशोत्सव



**पटेरा।** शाला में आज प्रवेश उत्सव शासन के निर्देशों के अनुसार मनाया गया सबसे पहले प्रवेशित छात्राओं का अतिथियों एवं शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बैंड धुन के साथ पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया बाद में अतिथियों के द्वारा सरस्वती वंदना किया गया और अपने आशीष वचनों के द्वारा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। सभी छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया और सभी कक्षाओं की प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणी के विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि हरीश पाण्डेय, मुन्ना अवधिया, संस्था प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे, शिक्षक अरविंद पटेल, प्रदीप कुमार सोनी, नरेंद्र सेन, संदीप नामदेव, दीपेश खरे, शिक्षकाएं श्रीमती मीरा तंतुवाय , निशा परोहा , दिव्या सिपाहा अभिलाषा नेमा एवं अखिलेश सेन की उपस्थिति रही।

## बच्चों को तिलक लगा कर मनाया प्रवेश उत्सव



**तेजगढ़ ।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशन और जिला/ जनपद शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में स्कूल चले हम अभियान 2025-26के अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया गया। साथ ही कक्षा 1 से 8 में 2025-26 की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को मध्यान भोजन में खीर पूरी सब्जी खिलाई गई। इसके पूर्व शिक्षकों ने गृह संपर्क कर पालकों से बच्चों को प्रतिदिन शाला समय पर स्कूल भेजने की अपील की। प्रवेश उत्सव के समय संस्था प्रभारी मनोहर सिंह ,कल्पना लोधी, मनोज रैकवार ,मालती ठाकुर, पुष्पेंद्र अहिरवार , जसवंत सिंह,रुपाली जैन सहित विद्यालयीन छात्र उपस्थित रहे।

## सारथिका ने कक्षा पांचवी में हासिल किया प्रथम स्थान

**जबेरा।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी की परीक्षा में जबेरा नगर की होनहार छात्रा सारथिका जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सारथिका जैन, पिता ओम प्रकाश जैन एवं माता मनीषा जैन (गृहिणी) की सुपुत्री हैं। उन्होंने सरस्वती शिशु विद्यालय में अध्ययन करते हुए यह सफलता अर्जित की। विद्यालय के शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अंकसूची सील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सारथिका के बड़े पिता जी धनेश जैन,पवन कुमार जैन,सुरेश जैन सहित जबेरा ग्राम के लोगों ने भी छात्रा को शुभकामनाएं दीं और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। सारथिका की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



## नवीन प्रवेशित विद्यर्थियो का तिलक वंदन से हुआ स्वागत

**जबेरा।** जबेरा नगर के प्रतिष्टित इंग्लिश मीडियम विद्यालय में विगत दिवस 1 अप्रैल से नवीन सत्र का शुभारंभ मा सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की विभिन्न कक्षा ओ में विद्यर्थियो को प्रवेश दिया गया । साथ ही प्रवेशित विद्यर्थियो को तिलक वंदन करके स्वागत किया गया।विद्यालय को भव्यता के साथ सजाया गया था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राहुल जैन , अनिल तिवारी, आनन्द श्रीवास्तव, ज्योति शर्मा, आभा श्रीवास्तव, रोशनी साहू, दिव्या मिश्रा, रिया जैन , शौर्या जैन, मधु ठाकुर, संजना ठाकुर, अशोक साहू , श्रेयांश जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# इंट्यूशन कोर्स का सफलतापूर्वक समापन



**दमोह।** टंडन बगीचा स्थित श्रीनाथ कृपा में आयोजित इंट्यूशन कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कोर्स में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे समय अनुशासन एवं लगन के साथ सभी गतिविधियों में सहभागिता निभाई। कोर्स के दौरान बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। समापन अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए, जिसमें उन्होंने इस कोर्स को अत्यंत लाभकारी एवं आनंददायक बताया। विशेष रूप से, कोर्स के बाद सभी बच्चों ने ब्लाइंड फोल्ड लगाकर विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं, जिससे उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। बच्चों की इस अद्भुत क्षमता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस कोर्स में प्रशिक्षिका अनीता अग्रवाल एवं अभिनंदन मोदी ने बच्चों को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के ज्ञान के माध्यम से विभिन्न गतिविधियाँ सिखाईं, जिससे बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला। वहीं, अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों में आए सकारात्मक बदलावों की सराहना की और इस पहल को बहुत उपयोगी बताया। इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं प्रसन्नता के साथ संपन्न हुआ।


## न्यू शांति निकेतन में हुआ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



सिंग्रामपुर।1 अप्रैल से नये सस्त्र के साथ स्कूल प्रारंभ हुए संग्रामपुर में संचालित न्यू शांतिनिकेतन स्कूल में बच्चों को तिलक बंधन के साथ स्कूल की स्टाफ द्वाराफूल बरसा कर स्वागत किया गया साथी वार्षिक परिणाम घोषित किया गया जिसमें क्लास में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे बच्चियों को स्कूल स्टाफ की तरफ से गिफ्ट वितरित किए गए। स्कूल के प्राचार्य आशीष साहू ने बताया इस वर्ष न्यू शांतिनिकेतन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्तीर्ण रहा है बच्चों ने मेहनत कर अच्छे मार्क्स लाए हैं सभी को उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं आगे भी मेहनत करें।

## कस्तूरी बाई साहू का निधन

**हिंडोरिया।** नगर के वार्ड नंबर 3 निवासी परसोत्तम साहू राकेश साहू हरिशंकर साहू दयाराम साहू की माता श्रीमती कस्तूरी बाई साहू का 90 वर्ष लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सार्वजनिक मुक्ति धाम में किया गया। शव यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने सम्मिलित होकर मृत आत्मा की शांति के लिए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।



## प्रशिक्षण महाभियान का हुआ समापन

**जबेरा।** जबेरा नगर में भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय नेतृत्व की आह्वान पर संपूर्ण प्रदेश की भांति संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र जबेरा के संपूर्ण मंडलो का प्रशिक्षण संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण में संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपूर्ण प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के आयोजन का हिस्सा था जिसका बुधवार को समापन किया गया है इस प्रशिक्षण में मंडल नोहटा,जबेरा, बनवार, सिंग्रामपुर, तेजगढ़, तेंदूखेड़ा, एवं तारादेही के कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख वक्ता जिनमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, अनिल मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा,संजय सेन, मनीष तिवारी, अरुण तिवारी, हरिश्चंद्र पटेल, मनीष सोनी, रूपेश सेन, संजय यादव ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जिसमें प्रत्येक मंडल को 6 सत्रों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, लोगों की समस्याओं का निराकरण, सोशल मीडिया, जनसंपर्क, गांव में हो रहा है विकास कार्यों की सूचना सहित विभिन्न विषयों पर उद्बोधन दिया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन के बाद मंत्री श्री लोधी ने कहा कि विधानसभा में पूर्ण रूप से कार्यकर्ताओं ने समर्पित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया है निश्चित ही कार्यकर्ता प्रशिक्षण के माध्यम से समाज को जागृत करेंगे उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्यकर्ता किसी एक व्यक्ति के लिए कार्य नहीं करता वह सिर्फ पार्टी की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ता है जिससे पार्टी की तीसरी आंख देखती हैं और छोटे से कार्यकर्ता को भी अपने कंधे पर बिठाकर बड़ा बना देती है।



## सिंग्रामपुर में हुआ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ शिक्षकों, पालक-अभिभावकों एवं मुख्य अतिथि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। यह आयोजन शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के.पी. झारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया तथा निशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सनकुईया में मनाया गया प्रवेशोत्सव

## मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



विकास खंड के शासकीय नवीन माध्यमिक विद्यालय सनकुईया में प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, एसएमसी अध्यक्ष कमलेश पटेल ,गोपाल पटेल, शैलेंद्र पटेल, देवकरण पटेल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत करते हुए नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। बच्चों के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष ने केक काटकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया जिससे पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस दौरान विद्यालय में कक्षा 6वीं और 7वीं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पुष्पा कुर्मी तथा तेजराम यादव को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी बच्चों को नई पुस्तकें वितरित की गईं, जिससे उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह और बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। अंत में विद्यालय परिवार से शिक्षक मुकेश रैकवार कमलेश ताम्रकार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव द्वारा किया गया।

